दैनिक भास्कर

दिनांक 13/02/2022

# 'राष्ट्रीय सेवा योजना' युवाओं में व्यक्तित्व एवं चरित्र का करती है विकास : डॉ. विक्रम यादव

**भास्कर न्यूज | कनीना**

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित होने वाले 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर दलीप सिंह तथा राम सिंह ने शिरकत की।




कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य ने देश के युवा वर्ग को जागृत करते हुए कहा कि जब युवा वर्ग सोता है तो सारा देश सोता है और जब युवा वर्ग जागता है तो सारा देश जागता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं में भारतीय संस्कृति के पुरातन मूल्य निज हित को परहित में परिवर्तित करना है। आज का युवा वर्ग स्वार्थ की भावना से ग्रसित हो चुका है, ऐसे में राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य बहुत ही चुनौतीपूर्ण हो गया है। यह योजना युवाओं में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र का विकास करती है, ताकि वे अपने स्वैच्छिक प्रयासों से राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें।

मुख्य अतिथि मास्टर दलीप सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वयंसेविकाओं का इस समय सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है कि स्वयं जागरूक होकर जनसाधारण को भी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करें। विशिष्ट अतिथि राम सिंह ने स्वयंसेविकाओं को गो सेवा तथा सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सीमा ने सात दिवसीय कैंप में होने वाली संपूर्ण गतिविधियों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य डॉ. अंकिता, नीतू, कविता, सीमा, राजेश, अनिल, राजेश, कंवर सिंह, देवेन्द्र, पूनम आदि उपस्थित रहे।